हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

11 भक्त सच्चे मन से पुकारे तो भगवान को अवश्य आना...



12 जल, भूमि और पर्यावरण का संतुलित उपयोग बेहद जरूरी




## खबर संक्षेप

### डीएन कॉलेज क्षेत्र में बाधित रहेगी बिजली

**हिसार।** आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को शहर के कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। बिजली निगम की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि डीएन कॉलेजे चौक फीडर की सप्लाई सुबह लगभग 8 बजे से 11 बजे तक तक बंद रहेगी। इसके चलते डीएन कॉलेज रोड, एफसी कॉलेज, मोना मंडी, कृष्णा मंडी, देवी भवन, नीलम सिनेमा, पारिजात कॉपलेक्स, बालसमंद रोड, सुशीला भवन, लोहा मंडी, भामाशाह नगर, शक्ति नगर, न्यू अग्रवाल कॉलोनी, अग्रवाल कॉलोनी और ग्रीन स्क्वेयर मार्केट का कुछ हिस्सा प्रभावित रहेगा।

### दुकान में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**आदमपुर।** पुलिस ने दुकान में चोरी करने के मामले में खारा बरवाला निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई दलबीर ने बताया कि मंडी आदमपुर निवासी रामस्वरूप ने शिकायत दी थी कि वह हाई स्कूल के पास श्री राम किरयाणा के नाम से दुकान चलाते हैं। वे गत 21 मार्च को शाम 6 बजे अपने 10 वर्षीय गगन को दुकान पर छोड़कर घर गए थे। 10 मिनट बाद लौटे उनके लड़के ने बताया कि एक लड़का दुकान पर आया और सामान लेने के बहाने गल्ले से पैसे निकालकर भाग गया। जांच करने पर गल्ले में 31 हजार रुपये गायब मिले। जब उसने सीसीटीवी फुटेज जांची तो आरोपी की पहचान हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाली करने का आरोपी किया गिरफ्तार

**नारनौंद ।** सीआईए पुलिस टीम ने सट्टा खाईवाली के आरोप में सुलचानी निवासी अनिल कुमार उर्फ भंडारी को गिरफ्तार किया है। एएसआई सुशील कुमार को इस बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने एक बोगस सट्टेबाज ग्राहक तैयार कर नारनौंद के खांडा रोड पर नहर के पुल से आगे सुलचानी मार्ग के पास भेजा। जैसे ही उसने सट्टा लगाने का संकेत दिया। पुलिस टीम ने तत्परता से दबिश देकर आरोपित युवक को मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 32400 रुपये बरामद हुए।

### अवैध असलहा सप्लायर प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**नारनौंद।** पुलिस ने अवैध असलहा सप्लायर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी युवक की पहचान महेंद्रगढ़ के खुडाना निवासी कुलदीप उर्फ बाबा के रूप में हुई है। जो राजस्थान की चित्तौड़गढ़ की जेल में बंद था। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि 19 फरवरी को पुलिस ने बास अड्डे से गांव के सोनू को अवैध हथियार समेत पकड़ा था। उसने बताया कि यह असलहा कुलदीप उर्फ बाबा से लिया था पुलिस ने उसके ठिकानों पर दबिश दी तो पता चला कि वे जेल में है। जहां से उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाकर कोर्ट में पेश किया।

## विश्वविद्यालय की दीवार फांदकर अंदर घुसे छात्र, कुलपति कार्यालय तक पहुंचे

# गुजवि में फीस बढ़ोतरी को लेकर छात्रों का हंगामा, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

- हालात बिगड़ते देख हरकत में आया विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति ने बातचीत करके दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोतरी समेत अन्य मुद्दों को लेकर छात्र संगठनों ने सोमवार को कुलपति कार्यालय हंगामा किया। संयुक्त छात्र मोर्चो के बैनर तले कुलपति कार्यालय का घेराव करने पहुंचे छात्रों ने सुरक्षा कर्मियों से भी धक्का मुक्की की और दीवार फांदकर फांदकर कैंपस में घुस गए।

यही नहीं, बहुत से छात्र कुलपति कार्यालय के बाहर भी एकत्रित हो गए और जब उन्हें कार्यालय का गेट बंद मिला तो उन्होंने ने धक्का मारकर गेट खोलने की कोशिश की। छात्रों का यह हंगामा सुबह से दोपहर तक करीब छह घंटे तक चला। फीस बढ़ोतरी पर छात्रों के हंगामे के चलते कुलपति कार्यालय के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुरक्षाकर्मी गेट पकड़कर खड़े रहे, जबकि दूसरी तरफ से छात्र जोर लगाकर गेट धकेल रहे थे। छात्र नेता अज्जू घनघस दीवार फांद कर अंदर घुस गए। इसी दौरान कई और छात्र रेलिंग पार कर अंदर कूद गए।

गेट के पास दोनों तरफ से जोर आजमाइश होने लगी-सुरक्षाकर्मी छात्रों को पीछे धकेलते रहे, तो छात्र फीस वृद्धि वापस लो के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। धक्का-मुक्की में कुछ छात्र लड़खड़ा गए, लेकिन भीड़ पीछे हटने को तैयार नहीं थी। करीब 10-15 मिनट तक यही खींचतान चलती रही। हालात बिगड़ते देख विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया और छात्रों को बातचीत के लिए बुलाया गया। छात्र नेता अज्जू घनघस ने बताया कि कुलपति नरसीराम बिश्नोई ने उनकी मांगों को सुना और कहा कि फीस बढ़ोतरी की जांच के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें छात्र प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। छात्रों के अनुसार कुलपति ने रिअपीयर व अन्य जरूरी फॉर्मों की बढ़ी हुई फीस के आदेश तुरंत वापस लेने का आश्वासन भी दिया है। छात्रों ने आरोप लगाया कि अचानक फीस बढ़ाने से उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज की फीस पिछले साल एक सेमेस्टर में 75 हजार रुपए थी, जिसे इस बार बढ़ाकर 98 हजार रुपये कर दिया गया है। प्रदर्शन में नितेश, बागीराणा, एनएसयूआई के विकास, रोहित दलाल के अलावाआर्यन, अजय, अस्मित, आकाश, सुखी,आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।







**हिसार।** कुलपति कार्यालय में जाने के लिए सुरक्षा कर्मियों से उलझते छात्र व कार्यालय की दीवार फांदकर अंदर जाता छात्र नेता।

## उकलाना में दिनदहाड़े महिला से छीनी चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

शहर में दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। दो अज्ञात स्कूटी सवार युवकों ने एक महिला के गले से झपट्टा मारकर चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, लेकिन अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि उकलाना निवासी रेखा, जो कि हांसी में विवाहित है और इन दिनों अपने मायके आई हुई थी। वह किसी निजी कार्य से बाजार गई हुई थी। जब वह उकलाना की पुरानी अनाज मंडी से अपने घर की ओर गली से गुजर रही थी, तभी पीछे से आए स्कूटी सवार दो युवकों ने अचानक उसके गले में झपट्टा मारकर चेन तोड़ ली। घटना के बाद महिला ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार में स्कूटी लेकर फरार हो गए। महिला ने तुरंत अपने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में युवकों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया।

घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दोनों संदिग्ध युवक स्कूटी पर आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने व आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## किसान की हत्या करने के तीन दोषियों को उम्रकैद

- दिसंबर 2017 में साहू में किसान की हत्या के मामले में अदालत ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने साहू गांव में किसान इन्द्रपाल की गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों में फरमान, उसमान व इनाम शामिल हैं। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में उकलाना थाना पुलिस ने 28 दिसंबर 2017 को तीन-चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस को दी गई शिकायत में साहू गांव निवासी हेतराम ने बताया था कि वह खेतीबाड़ी करता है। छोटा भाई 32 साल का इंद्रपाल भी खेतीबाड़ी का करता था है और उसके साथ रहता है। घर के सामने प्लाट में वे भैंस बांधते है। घटना के दिन 27 दिसंबर 2017 की रात को दोनों भाई घर के अंदर सोए हुए थे। रात करीब ढाई बजे शोर सुनाई दिया। दोनों भाई घर से बाहर आए तो देखा कि पड़ोसी दलीप चोर-चोर चिल्ला रहा था। भाई दौड़कर पशु बाड़े में गया तो एक भैंस गायब थी। भाई दलीप के घर की तरफ जाने लगा उस समय वहां पर एक सफेद रंग की पिकअप खड़ी थी। उसमें तीन से चार व्यक्ति भैंस को चढ़ा रहे थे। भाई उनकी तरफ जाने लगा तो दलीप ने कहा कि भैंस चोर गोली मार देंगे। भैंस को पिकअप में चढ़ाते देख भाई उनके पीछे दौड़ा तो एक ने सीधे भाई को गोली मार दी और मौके से भाग गए। घायल हालत में भाई को शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां पर उनकी मौत हो गई। इसी मामले में अदालत ने तीनों आरोपितों फरमान, उसमान और इनाम को दोषी करार दिया था, जिन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई गई है।



**हिसार।** बेसहारा पशुओं को पकड़ती निगम की टीम।

## नगर निगम की टीम ने पकड़े 29 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने नीलम सिनेमा, तलाकी गेट, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, पुलिस लाइन, एयरपोर्ट चौक, कौशिक नगर, गीता कॉलोनी से 29 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए 25 गाय 1 नंदी व 3 बछड़ी को गोअभयारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## बल्क वेस्ट निस्तारण में खामियों पर अधिकारी खफा एजेंसी को नोटिस देकर कमियां दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए जी तोड़ कोशिश रहा नगर निगम लगातार किसी न किसी चुनौती से जूझ रहा है। घरों से कूड़ा उठाने के लिए 149 गाड़ियां लगाकर गंदगी पर काबू पाने का प्रयास किया गया तो अब बल्क वेस्ट निस्तारण की समस्या आ खड़ी हुई है। स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने मंगलवार को प्लांट का निरीक्षण किया तो अनेक खामियां मिली। इस पर उन्होंने सख्त लहजे में खामियां दूर करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने पाया कि एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों में कई तरह की खामियां हैं। उन्होंने बताया कि बल्क वेस्ट के प्रबंधन नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। इस पर उन्होंने बिना देरी किए संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस के माध्यम से एजेंसी को सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर करने और कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा विशेष स्वच्छता अधिकारी ने जनस्वास्थ्य विभाग के जेई के साथ तोशाम रोड और कैमरी रोड पर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**हिसार।** प्लांट का निरीक्षण करती निगम टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### सीवरेज सिस्टम करें ठीक

अधिकारी ने विशेष रूप से मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचने के लिए सीवरेज सिस्टम का सुचारू रूप से कार्य करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता को बेहतर बनाया जाए और जहां भी कोई कमी है, उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। हरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून से पहले सभी आवश्यक मरम्मत और सुधार कार्य पूरे कर लिए जाएं, ताकि बारिश के समय पानी की निकासी में कोई बाधा न आए। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित निरीक्षण और निगरानी के माध्यम से ही स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। इस दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू मौजूद रहे।

### यहां से उठा रहे कूड़ा

स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने शिवा सिक्योरिटी एंड प्लेसमेंट सर्विस द्वारा संचालित बल्क वेस्ट प्लांट तोशाम रोड़ का निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। नगर निगम ने एजेंसी को बल्क वेस्ट के उठान के लिए इनपैनल किया हुआ है। बल्क वेस्ट जनरेटर में सिनेमा हॉल, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य संस्थान शामिल हैं, जहां से बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है।

## सीवरेज में गोबर डालने पर निगम की टीम ने कनेक्शन ही काट दिया



**हिसार।** कार्रवाई करती नगर निगम व जनस्वास्थ्य विभाग की टीम।

हिसार। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निगम ने अब और सख्ती बरती शुरू कर दी है। ऐसे लोगों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के आदेशानुसार एसआई कपिल, एएसआई प्रवीन, जेई पब्लिक हेल्थ धीरज शास्त्री नगर आजाद नगर मैं एक डेयरी संचालक पर कार्रवाई की। डेयरी संचालक कृष्ण द्वारा सीवरेज में गोबर डाला जा रहा था। इसके चलते सीवरेज ओवरफलो की समस्या बनी रहती थी। कार्रवाई करते हुए उसके सीवरेज के कनेक्शन को ही काट दिया गया। इसके अलावा नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान किए। एएसआई सन्नी ने कैंट और अर्बन स्टेट क्षेत्र में कचरे का सेग्रीगेशन न करने पर एक दुकानदार और दो घरों के चालान किए। इसके अलावा एएसआई सरोज ने जाट कॉलेज रोड पर एक दुकानदार द्वारा कचरा सेग्रीगेशन करके नगर निगम के बारे में डालने पर उसका चालान किया।

### बनभौरी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने लिए मिठाइयों के सैंपल



**हिसार।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल की टीम ने एक शिकायत के आधार पर बनभौरी गांव में किरयाण की दुकानों पर बिक रही मिठाइयों के सैंपल लिए। उन्होंने पांच दुकानों पर अलग-अलग सात सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। इससे पहले ग्रामीणों ने उपायुक्त को गांव में नकली मिठाइयां बनने संबंधी शिकायत दी थी। साथ ही बरवाला के खंड विकास अधिकारी व सरपंच पर भी उन्होंने मिलीभगत के आरोप लगाते हुए नकली मिठाइयों पर रोक लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने मिठाइयों के सैंपल लिए हैं।

## गैबीपुर के पास हादसे का शिकार हुए परिवार के सदस्यों का अंतिम संस्कार

- हादसे में गंभीर रूप से घायल आरती का अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी
- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

नेशनल हाईवे-52 पर गांव गैबीपुर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुए एक ही परिवार के चार सदस्यों का मंगलवार को गांव ढाणी मोहब्बतपुर में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मृतकों में मुकेश (30) और उसकी तीन मासूम बेटियां नीतू (6), दिव्या (4) व डेढ़ वर्षीय दीक्षा शामिल हैं। एक साथ चार अर्थियां उठने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम नजर आई। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुकेश की पत्नी आरती का अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन से दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने मृतक मुकेश के पिता भजनलाल के बयान पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर सभी शव परिजनों को सौंप दिए गए थे, जिसके बाद मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। मामले की जांच जारी है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### ब्राह्मण सभा सतरोल खाप उठाएगी लिव इन रिलेशनशिप कानून में संशोधन की मांग

## प्रेम व अंतरजातीय विवाह दोनों परिवारों के माता-पिता की सहमति से करने का आह्वान

- समाज में फैल रही कुरीतियों बारे चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

उपमंडल के गांव बास आजमशाहपुर के पैड़ पाना चौपाल में ब्राह्मण सभा सतरोल खाप नारनौंद की एक मीटिंग प्रधान रामअवतार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें समाज के अनेक मौजिज लोगों ने भाग लिया। बैठक में समाज में फैल रही कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें दूर करने के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिए गए की वयस्क लड़की व लड़का प्रेम विवाह या अंतरजतीय विवाह करना चाहते हैं तो वे अपने गांव, पड़ोसी गांव व गौत्र में न करें और इस शादी को दोनों परिवारों के माता-पिता की सहमति से किया जाए। शादी में दहेज, फिजूल खर्ची व दिखावा न किया जाए। युवाओं में नशे की बढ़ रही प्रवृत्ति से उनके चौपट हो रहे भविष्य को बचाने के लिए नशा मुक्ति के लिए गांव गांव जाकर कमेटी गठित कर सख्त कदम उठाए जाएंगे। लिव इन रिलेशनशिप जिस कारण भारतीय संस्कृति, नैतिक चरित्रता व आपसी भाईचारा बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उसके लिए भी सर्व समाज को साथ लेकर सरकार को कानून में संशोधन करवाने के लिए सरकार से मांग की जाएगी। मृत्यु होने पर दाह संस्कार के समय दूर दराज से रिश्तेदारों को ना बुलाया जाए ताकि दाह संस्कार में शामिल होने की हड़बड़ी में दुर्घटनाओं की आशंका, समय व धन की फिजूल खर्ची से बचा जा सके। मृत्यु भोज न किया जाए अगर किसी परिवार ने खर्च करना ही है तो वह जीवन जग करने की कृपा करें फिजूल खर्ची न करें।



**नारनौंद।** धर्मशाला में आयोजित बैठक में भाग लेते समाज के गणमान्य लोग।

### सर्वसम्मति से लिए फैसले

सभा के प्रधान रामअवतार शर्मा ने बताया कि सभा द्वारा लिए गए उपरोक्त निर्णयों बारे जल्दी ही गांव गांव जाकर कमेटी बनकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर गांव बास, बडाला, कुम्भा, पेटवाड़, उगालन, भकलाना, कुम्भा, धर्म खेडी, माजरा व नारनौंद आदि गांवों के अनेक गणमान्य लोग डॉ वेदपाल तपा प्रधान पेटवाड़, मंगत राम तपा प्रधान उगालन, सुरजभान, जयबीर, मंगत राम, जय भगवान, सुभाष शास्त्री, सतबीर, श्रीदत्त, टेकराम फोजी, राम कुमार, उमेश कुमार सहसचिव, काला, राजेश व राम अवतार आदि मौजूद रहे व उपरोक्त सभी फैसले सर्वसम्मति से पास किए गए।

पुलिस की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई

## हांसी-हिसार रोड पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हिसार जिला टाउन प्लानिंग विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को श्री ज्ञानानंद मिशन के समीप करीब 5 एकड़ में काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी में बनाई गई सड़कों को जेसीबी से उखाड़ दिया। इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

वहीं विभाग की ओर से बिना परमिशन के इस एरिया में दोबारा से सड़क निर्माण या कॉलोनी काटने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। डीटीपी ने बताया कि इसके अलावा हिसार स्थित एक होटल व दिल्ली रोड पर अवैध निर्माण को गिराया गया है। अवैध कॉलोनी में निर्मित सड़कों को उखाड़ने पहुंचे डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि जिला योजनाकार विभाग द्वारा इस कॉलोनी को पहले भी अवैध घोषित कर यहां नोटिस दिया गया था। लेकिन कॉलोनी संचालकों द्वारा अवैध रूप से बनाई सड़कों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। लेकिन संचालकों द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर विभाग द्वारा मंगलवार को कॉलोनी में बनाई सड़कों को जेसीबी मशीन की मदद से उखाड़ दिया गया। डीटीपी दिनेश कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में निवेश करने से पहले नगर परिषद, तहसील कार्यालय या हिसार में तोशाम रोड़ स्थित डीटीपी कार्यालय से वैध कॉलोनियों की सूची की पुष्टि अवश्य कर लें।





# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style



# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।

हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायनः घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।



# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू :** फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।



**फॉर्बिड्डन फ्रूट :** 'फॉर्बिड्डन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।

**शी डांसेस :** शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉकः या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट :** साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

## खबर संक्षेप

### जीएसटी फाइलिंग एवं रिटर्नस पर कार्यशाला

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज, हिसार के वाणिज्य विभाग ने जीएसटी फाइलिंग एवं रिटर्नस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। आईईसीएस कम्प्यूटर एजुकेशन संस्थान से सीनियर फैकल्टी रजत नागपाल ने विद्यार्थियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन, जीएसटी रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट तथा ऑनलाइन पोर्टल के प्रयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नेहा डांगी, डॉ. सुशील बजाज, डॉ. यशोदीप, डॉ. सविता सिवाच तथा प्राध्यापिका प्रीति भी उपस्थित रहीं।

### रामनवमी पर्व पर 30वां अखंड पाठ 26 से

**हिसार।** महावीर कालोनी गली नं. 35, महात्मा ज्योतिबा फुले चौक स्थित कबीर सत्संग भवन में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में 26 से 28 मार्च तक जगतगुरु आचार्य श्री गरीबदास महाराज की अमृतमयी वाणी का तीन दिवसीय 30वां अखण्ड पाठ होगा। सत्संग भवन के संचालक संत शिव दास ने बताया कि 26 मार्च को अखंड पाठ का सुबह 10:15 बजे पाठ प्रकाश शुरू होगा। 27 मार्च को सुबह 10:15 बजे मध्य का भोग, संध्या आरती व रात्रि का सत्संग होगा तथा 28 अप्रैल को सुबह 10:15 बजे पूर्ण भोग की आहुति होगी।

### सीएचसी आर्य नगर में मनाया विश्व टीबी दिवस

**हिसार।** जिले के गांव आर्य नगर स्थित सीएचसी में मंगलवार को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को टीबी रोग व उसके उपचार बारे विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल शर्मा ने बताया कि इस रोग के प्रति लोगों में जो धारणा बनी हुई है उसे दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद नियमित रूप से डॉक्टर के जरिए मरीज दवा का सेवन करें तो यह बीमारी निश्चित ठीक हो जाती है।

### लोटस इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव

**उकलाना।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा वार्षिक उत्सव के तहत एक अलग पहल करते हुए 6 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन दो कक्षाओं के छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ-साथ परीक्षा परिणाम भी घोषित किए जा रहे हैं। स्कूल के अध्यक्ष महेंद्र कुन्नर ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह उनकी वर्षभर की मेहनत का परिणाम होता है और सम्मान मिलने से बच्चे और अधिक उत्साहित होते हैं। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य आरती कुन्नर, सुरेश सोनी, मुकेश गोयल, योगेश शर्मा, गोदारा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

### इंदाछोई के पांच छात्रों का नवोदय में चयन

**उकलाना।** नजदीक के गांव इंदाछोई स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के पांच बच्चों का नवोदय विद्यालय में दाखिले पर विद्यालय में सम्मान समारोह किया गया। मेधावी विद्यार्थियों में सूरज, रॉबिन, विनय, हरप्रीत तथा मयंक शामिल है। बच्चों को उन्हें आशीर्वाद देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश चंद्र सेवदा, सरपंच प्रतिनिधि सुनील कांटिवाल आदि पहुंचे।

श्रीराम-जानकी विवाह की झांकी देख झूमे श्रद्धालु, पुष्प वर्षा कर जताई आस्था

# भक्त सच्चे मन से पुकारे तो भगवान को आना ही पड़ता है : भावेश कृष्ण भारद्वाज

कटला रामलीला के रामनवमी महोत्सव में श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। श्रीराम कथा में श्रीराम-जानकी विवाह की झांकी। फोटो : हरिभूमि

श्री रामलीला कमेटी कटला के 129वें श्री रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत देवी भवन के गोयनका सदन में चल रही श्रीराम कथा के दौरान श्रीराम-जानकी विवाह की झांकी देखकर श्रद्धालु उत्साहित होकर झूमने लगे। श्रद्धालुओं ने अपने इष्ट श्रीराम और माता जानकी पर पुष्प वर्षा करके अपनी आस्था जताई। श्रीराम-जानकी की आलौकिक जोड़ी देखकर श्रद्धालुओं को आदर्श गृहस्थ जीवन, मर्यादा, प्रेम, त्याग व समर्पण का संदेश मिला। श्रीराम कथा के पांचवें दिन विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस अवसर पर क्वालिटी सीड्स वाले नरेश सिंगल ने अध्यक्षता की। इस दौरान समाजसेवी जगदीश जिंदल, सत्यप्रकाश राजलीवाला, पवन कौशिक, राजेंद्र लोहिया, टीनू जैन, संजय डालमिया, भूपेंद्र पनिहार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता व समस्त कार्यकारिणी ने सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया। श्रीराम कथा के दौरान श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने अहिल्या उद्धार का प्रसंग सुनाकर प्रभु के प्रति भक्त की आस्था की पराकाष्ठा से परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि यदि भक्त सच्चे मन से पुकारे तो भगवान को अवश्य आना ही पड़ता है। भावेश कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि मानव स्वभाव है कि वह बिना कारण करुणा नहीं करता जबकि भगवान का स्वभाव ठीक इसके विपरीत होता है। भगवान श्रीराम बिना किसी कारण के ही करुणामय होकर कृपा कर सकते हैं। कथा व्यास ने समझाया कि प्रभु के पास कृपा की कोई कमी नहीं केवल लेने वाला चाहिए।

### श्रीमद् गो भागवत का उद्देश्य समझाया



**हिसार।** मातृभूमि सेवा संघ, गोसेवा गतिविधि एवं काबरेल के केशव माधव धाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती कॉलेज प्रांगण में श्रीमद गो भागवत कथा का शुभारंभ विधि-विधान से किया गया। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने गोमाता की महिमा से साक्षात्कार करवाते हुए श्रीमद गो भागवत कथा के उद्देश्य को समझाया। उन्होंने कहा कि हमारे तीर्थ, त्यौहार और पौराणिक कथाओं से गोमाता जुड़ी हुई है। धर्म ग्रंथ साक्षी हैं कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गोचारण किया और अनगिनत श्रद्धालु हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ गोपाष्टमी मनाते हैं। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने श्रीमद गो भागवत कथा के दौरान कहा कि स्वास्थ्य व खुशहाली के लिए इंसान को गो आधारित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग नियमित रूप से पंचगव्य उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं, वे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सौभाग्यशाली इंसान को ही गोकथा श्रवण करने का अवसर मिलता है। दरअसल गोकथा दिव्यजीवी बनाती है। यह सर्वकल्याणकारी और पुण्य को बढ़ाने वाली है और अमृत के समान है। तोशाम रोड पर स्थित सरस्वती कॉलेज के प्रांगण शुरू हुई श्रीमद गो भागवत कथा के दौरान अखिल भारतीय गो सेवा संयोजक अजीत महापात्रा, एफसीआई के सेवानिवृत उच्च अधिकारी देशराज मनचंदा, परम गोभक्त व समाजसेवी बजरंग जिंदल, गोसेवा गतिविधि जिला संयोजक एवं प्रांत गोकथा प्रमुख राजवीर एवं कमल सर्राफ ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

# गढ़ी में 174 परिवारों को नहीं मिला प्लॉटों पर कब्जा

- डीसी से मिले ग्रामीण, बोले- 2012 में हुए थे अलॉट, आंदोलन की चेतावनी दी

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित गढ़ी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त राहुल नरवाल से मुलाकात कर महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत आवंटित रिहायशी प्लॉटों पर कब्जा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल मनरेगा सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी के नेतृत्व में डीसी राहुल नरवाल से मिलने पहुंचा था। ग्रामीणों ने डीसी राहुल नरवाल को बताया कि वर्ष 2012 में तत्कालीन सरकार ने गढ़ी गांव के पात्र गरीब परिवारों को 100-100 वर्ग गज के रिहायशी प्लॉट आवंटित किए थे। इन प्लॉटों की पात्र परिवारों के नाम रजिस्ट्री भी हो चुकी है, लेकिन उन्हें आज तक प्लाट पर कब्जा नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने इन भूखंडों पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और उनका उपयोग गोबर के उपले बनाने जैसे कार्यों के लिए कर रहे हैं।



हांसी। एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

#### कब्जा दिलाने की मांग

राम अवतार सुलचानी ने बताया कि गढ़ी गांव के कुल 174 गरीब परिवार मनरेगा और खेत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। वर्षों से उन्हें अपने आवंटित प्लॉटों पर बसने का अधिकार नहीं मिल पाया है। उन्होंने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर पात्र परिवारों को उनके भूखंडों का कब्जा दिलाने की मांग की।

4 ठिकाने पहले ही किए ध्वस्त, शेष पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश

# हांसी में नशे के 8 अवैध स्थलों की पहचान

- जिला सचिवालय में एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला सचिवालय परिसर में मंगलवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला स्तरीय एनकोर्ड (नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन) समिति की समीक्षा बैठक में एसडीएम राजेश खोथ ने जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से ठोस रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अवैध नशे के कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जाए और ऐसे स्थलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



हांसी। एनकोर्ड समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसडीएम राजेश खोथ।

उन्होंने बताया गया कि जिले में करीब 8 अवैध नशा स्थलों की पहचान की गई है, जिनमें से 4 ठिकानों को पहले ही ध्वस्त किया जा चुका है। शेष चिन्हित स्थानों पर भी शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस विभाग को आपसी तालमेल के साथ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए।

उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए, ताकि वहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं और उपचार मिल सके। इसके अलावा अप्रैल, मई और जून माह के लिए एनडीपीएस ड्यूटी रोस्टर तैयार करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके।

गांव-गांव चल रहा बिजली बिलों की रिकवरी का अभियान

# डिफाल्टर्स के बिजली मीटर उखाड़ेगा निगम

- 31 मार्च की वार्षिक क्लोजिंग से पहले कार्रवाई तेज, उपभोक्ताओं से जल्द भुगतान की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

बिजली निगम 31 मार्च को होने वाली वार्षिक क्लोजिंग को लेकर बकाया वसूली के लिए सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आ रहा है। बिजली निगम की टीमें गांव-गांव जाकर बकाया बिलों की वसूली कर रही हैं। डिफाल्टर उपभोक्ताओं को बकाया बिजली के बिल जल्द भरने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने जल्द ही बिजली का बिल नहीं भरा उनके मीटर उखाड़े जाएंगे। बिजली निगम के नारनौंद के एसडीओ प्रदीप हुड्डा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है, उन्हें अंतिम चेतावनी दी जा रही है। अगर इसके बावजूद भी बकाया राशि जमा नहीं करवाई गई तो उनके कनेक्शन काटने के साथ-साथ मीटर भी हटा दिए जाएंगे।



नारनौंद। बिजली निगम के कर्मचारी गांव मिलकपुर में उपभोक्ताओं को बिल भरने का नोटिस देते हुए।

निगम की टीमें न केवल बकाया वसूली पर ध्यान दे रही हैं, बल्कि बिजली चोरी पर भी सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। उपमंडल अधिकारी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का जुर्माना लगाया गया है, यदि वे समय पर जुर्माना नहीं भरते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### शनिवार को भी खुले रहेंगे कैश काउंटर

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने उपभोक्ताओं की सुविधा और राजस्व वसूली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार निगम के सभी ऑपरेशन कार्यालयों के कैश काउंटर 28 मार्च (शनिवार) को भी खुले रहेंगे, ताकि उपभोक्ता अपने बिजली बिल आसानी से जमा कर सकें। मुख्य अभियंता अतुल पसरीजा ने बताया कि निगम पोर्टल डीएचबीवीएन.ओआरजी.आईएन को तकनीकी रूप से दुरुस्त किया गया है और ई पेमेंट की सुविधा भी इस पर पहले की तरह उपलब्ध है। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल की अंतिम तिथि 24 मार्च थी, वे 25 मार्च तक बिना किसी सरचार्ज के भुगतान कर सकते हैं। उपमंडल स्तर पर कैश काउंटर अवकाश के दिन भी संचालित किए जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

# गुजवि के अध्यापकों व शोधार्थियों को पिछले साल 53 शोध प्रोजेक्ट्स मिले



हिसार। गुजवि में कार्यकारी बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

- गुजवि में कार्यकारी परिषद व कोर्ट की बैठक आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को कार्यकारी परिषद की 104वीं व कोर्ट की 37वीं बैठक सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से हुई बैठकों की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दोनों ही बैठकों में सदस्यों को विश्वविद्यालय की गत वर्ष की उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के अध्यापकों व शोधार्थियों को पिछले साल 53 शोध प्रोजेक्ट्स मिले हैं। कार्यकारी परिषद की बैठक में वित्तीय समिति द्वारा पारित वर्ष 2026-27 के संभावित बजट, 2025-26 के रिवाइज्ड बजट व अतिरिक्त बजट के ब्यौरे का अनुमोदन किया गया तथा 2024-25 की वार्षिक लेखा-जोखा रिपोर्ट एवं बैलेंस शीट प्रस्तुत के अनुमोदन का प्रस्ताव कोर्ट की बैठक में भेजा गया। साथ ही 2020-21 से 2022-23 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन भी किया गया तथा इस अनुमोदन को विश्वविद्यालय की कोर्ट की बैठक के लिए अनुशंसित किया गया।

मॉडल टाउन के आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में श्रीराम कथा व प्रवचन

# धन, संपत्ति या इमारत जैसी भौतिक व सांसारिक वस्तुओं पर अभिमान नहीं करना चाहिए : संतोषी

**हिसार।** श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्रों में शुरू हुई श्रीराम कथा व आध्यात्मिक प्रवचनों का सिलसिला जारी है। भक्तगण प्रतिदिन कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता के श्रीमुख से प्रवचन सुनकर लाभान्वित हो रहे हैं। श्रीराम कथा के पांचवें दिन स्वामी संतोषी माता ने छल, कपट, मोह व माया पर आधारित विस्तृत प्रवचन दिए।

उन्होंने समझाया कि मनुष्य लोभ और माया के फेर में पड़ा रहता है। आज के समय में इंसान के पास धन, संपत्ति या जो इमारत है, वह पहले किसी और का था और आने वाले समय में भी किसी और का होगा। जो भी सांसारिक और भौतिक वस्तु है, वह हमेशा रहने वाली नहीं है। इसलिए इन वस्तुओं पर अभिमान नहीं करना चाहिए। इसके विपरीत अपने आप को भगवान के प्रति समर्पित करना चाहिए और यह कहना चाहिए कि मेरा तो बस भगवान ही है। उन्होंने कहा कि मोह, माया और आसक्ति से भी बचकर रहना चाहिए। यह सिर्फ मेरा है और मेरा ही रहेगा, इस भावना को उत्पन्न नहीं होने देना चाहिए। मनुष्य को यह सोचना चाहिए कि जो कुछ भी है वह प्रभु तेरा ही है। श्रीराम कथा के पांचवें दिन मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के प्रधान महासचिव सुशील बुड़ाकिया ने तिलक करके कथा व्यास स्वामी संतोषी माता का अभिनंदन किया। प्रेम काठपाल, फकीर चंद, मोनिका खारिया व सविता देवी अग्रवाल ने स्वामी संतोषी माता को माला भेंट करके अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण भी मौजूद रहे। काजल ने बताया कि मॉडल टाउन में स्थित मां संतोषी आश्रम में 27 मार्च तक नवरात्र महोत्सव मनाया जाएगा। 27 मार्च को प्रातः पूजा-पाठ, प्रवचन व कन्या पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी।



हिसार। आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में श्रीराम कथा करती महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता।

# जिंदल स्टेनलेस ने इंडोनेशिया में शुरू किया एसएमएस का संचालन



**हिसार।** जिंदल स्टेनलेस ने अपनी मेल्टिंग क्षमता 40 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा के दो साल के भीतर इंडोनेशिया में 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाले स्टेनलेस स्टील मेल्ट शॉप (एसएमएस) का संचालन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। कंपनी के संयुक्त उद्यम के तहत निर्धारित समय से पहले यह प्लांट विकसित किया गया है। इससे कंपनी की कुल मेल्टिंग क्षमता बढ़कर 4.2 एमटीपीए हो जाएगी, जिसमें भारत में कंपनी की तीन एमटीपीए पिघलन क्षमता भी शामिल है। मेल्टिंग क्षमता में वृद्धि के साथ ही कंपनी ओडिशा के जाजपुर में 1.1 एमटीपीए की नई हॉट रोल्ड एनील्ड पिकल्ड (एचआरएपी) लाइन और 0.17 एमटीपीए की कोल्ड रोलिंग क्षमता शुरू करने की तैयारी कर रही है। ये दोनों लाइन क्रमशः वित्त वर्ष 2027 की चौथी तिमाही और दूसरी तिमाही तक चालू की जाएंगी। ये कार्य पहले से घोषित 1,900 करोड़ रुपये के व्यय के तहत किए जाएंगे। उत्पादन श्रृंखला के अगले चरण में कंपनी ने अपनी कोल्ड रोलिंग क्षमता को और मजबूत बनाने के लिए हिसार और खड़गपुर में 900 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है, जिन्हें वित्त वर्ष 2028 की दूसरी तिमाही तक संचालित किया जाएगा। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि निर्धारित समय से पहले इंडोनेशिया सुविधा का चालू होना, साथ ही डाउनस्ट्रीम क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि होने से कच्चे माल की सुरक्षा और समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है एक ओर हम अपना उत्पादन बढ़ा रहे हैं तो दूसरी ओर पतले कोल्ड रोल्ड उत्पादों के माध्यम से मूल्य संवर्धन बढ़ाने पर भी समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### देश को टीबी मुक्त बनाने का लिया प्रण



**हिसार।** जिला टीबी अधिकारी डॉ. जितेंद्र शर्मा ने बताया कि टीबी को जड़ से उखाड़ फैंकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही इसको जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। इसके लिए लोगों के सहयोग की अपील है। इसके लिए सरकारी व प्राइवेट अस्पताल मिलकर प्रयास कर रहे हैं। डॉ. शर्मा मंगलवार को विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में आईएमए हिसार के डॉक्टरों द्वारा सत्यम अस्पताल में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर टीबी रोग को लेकर गहनता से विचार विमर्श किया गया। सबने प्रण लिया कि मिलकर टीबी के रोग को हराएंगे व देश को टीबी मुक्त बनाएंगे। इस मौके पर सत्यम अस्पताल के संचालक और आईएमए हरियाणा के पूर्व प्रधान डॉ. अजय महाजन ने कहा कि टीबी रोग को खत्म करने के लिए डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2030 का समय रखा था व भारत ने 2025 का लक्ष्य रखा था, लेकिन बीच में कोरोना महामारी के चलते ये आगे बढ़ गया है।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में समर कैंप शुरू



**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 24 से 31 मार्च तक समर कैंप शुरू किया गया। कैंप का शुभारंभ विद्यालय प्रिंसिपल नीतीश मिश्र द्वारा किया गया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए घुड़सवारी, स्केटिंग, नृत्य, कला एवं शिल्प, तीरंदाजी, नाटक, एथलेटिक्स, खो-खो तथा संगीत जैसी गतिविधियां करवाई जा रही हैं, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास हो रहा है। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि ऐसे समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल, कला और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल निदेशक साहिल यादव, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव व प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव व स्टाफ उपस्थित रहे।

### डीएन कॉलेज में विश्व टीबी दिवस पर किया जागरूक



**हिसार।** दयानंद कॉलेज में विश्व टीबी दिवस पर कॉलेज के रेड रिबन क्लब व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सर्वेश अस्पताल की फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि महाजन व उनकी टीम ने शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने डॉ. निधि महाजन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि टीबी कोई लाईलाज बीमारी नहीं है, परंतु जागरूकता के अभाव में आज भी लोग इससे भयभीत हो जाते हैं। डॉ. महाजन ने अपने व्याख्यान में टीबी के कारणों, लक्षणों, संक्रमण से बचाव के उपायों एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम रैड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. अर्चना मलिक, यूथ रेड्रकॉस सोसायटी प्रभारी डॉ. सुमंगला, नवनीत कालरा, डॉ. नीरू बाला, डॉ. शर्मिला गुनपाल, शालू नारंग, नवल सचदेवा आदि मौजूद थे।

### हिसार चुंगी से तिकोना पार्क तक की सफाई



**हांसी।** नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से सैनिटेशन प्लान के अंतर्गत हिसार चुंगी चौक से तिकोना पार्क तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की गहन सफाई सुनिश्चित की। अभियान के तहत मार्ग पर जमी धूल-मिट्टी, कूड़े-कचरे को हटाया गया तथा नालियों की सफाई कर जल निकासी को सुचारू बनाया गया। इसके अलावा, आसपास के क्षेत्रों में फैली गंदगी को हटाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। नगर परिषद के अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहकर सफाई कार्यों की निगरानी की और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### एसपी अमित यशवर्धन को स्थानांतरण पर दी विदाई



**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग द्वारा उनके सम्मान में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अमित यशवर्धन के नेतृत्व, कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उनके सहयोग, समर्पण एवं टीम वर्क के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस सेवा एक जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व है, जिसमें अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा अत्यंत आवश्यक है।

### किसान नवाचार के केंद्र में : प्रो. वर्मा



**हिसार।** आईसीएआर-केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान (सीआईआरबी) ने अपनी संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को भैंस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, व्यावसायीकरण और सहयोग पर एक महत्वपूर्ण संस्थान-उद्योग सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि लुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि किसान नवाचार के केंद्र में हैं और उद्योग, अनुसंधान एवं किसानों के बीच सेतू का कार्य करता है। उन्होंने तकनीकी हस्तांतरण को प्रभावी बनाने के लिए कौशल विकास, जागरूकता और सहभागी अनुसंधान योजना पर बल दिया। अपने संबोधन में सीआईआरबी के निदेशक डॉ. तरुण भट्टाचार्य ने भैंस को देश का काला सोना बताते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुसंधान को अधिक मांग-आधारित और परिणामोन्मुख बनाने पर जोर देते हुए नीचे से ऊपर दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

### भक्त को भगवन्त से मिलाना हनुमान का संतत्व



**हिसार।** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रही राम कथा के छठे दिन की शुरुआत में भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा व शुभम अरोड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद कथा में प्रवचन देते हुए राय बरेली से आए आचार्य कविता कांत वाजपेयी रामायणी ने हनुमान चरित्र पर बोलते हुए कहा कि हनुमानजी ने अपनी जीवन यात्रा में हमेशा जोडऩे का ही कार्य किया। सुग्रीव को व विभीषण को राम से मिलवाया। मूर्छित लक्ष्मण को संजीवनी लाकर भगवान राम से मिलवाया। लंका यात्रा कर माता सीता का संदेश राम को दिया। भक्त को भगवन्त से मिलाना ही हनुमानजी का संतत्व है। सेवा, सहजता, समर्पण व संतत्व के कारण रामजी हनुमान की सदैव प्रशंसा करते हैं। उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि आज समाज में मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है। ऐसे में हनुमानजी के दिखाये मार्ग पर चलकर एक-दूसरे को जोडऩे का कार्य करना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### विष्णु का लैक्रोस एशियन गेम्स के लिए चयन

**आदमपुर।** मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल के डीपीई विष्णु बिश्नोई का चयन लैक्रोश एशियन गेम्स के लिए हुआ है । उनके चयन को लेकर लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक पत्र जारी किया है। यह चैंपियनशिप चीन में 21 से 25 अप्रैल के बीच खेली जाएगी। इससे पहले आगरा में होने वाले कैंप में विष्णु देश के अन्य खिलाड़ियों के साथ भाग लेंगे।

### दिव्यांग केंद्र में मुफ्त नेत्र ऑपरेशन शिविर कल

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा 26 मार्च को सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। शिविर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक निशुल्क नेत्र ऑपरेशन करेंगे। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां व दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने दी।

### नागरिकों को दी विधिक सहायता की जानकारी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कृषि मेले के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिसार द्वारा लगाई गई जागरूकता स्टाल का निरीक्षण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अशोक कुमार द्वारा औपचारिक रूप से किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्टाल पर उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न विधिक सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन, विशेषकर किसानों एवं ग्रामीण नागरिकों को निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें।

### साम्राज्यवाद विरोधी के रूप में मनाया शहीदी दिवस

**हिसार।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 95वें शहादत दिवस को टैक्सी स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में एआईयूटीयूसी व एआईकेकेएमएस के कार्यकर्ताओं ने शहीदी दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। सभा की शुरुआत में शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता एआईयूटीयूसी के प्रधान सत्यनारायण भाटोल व एआईकेकेएमएस के जिला सचिव हवा सिंह संघर्ष ने संयुक्त रूप से की व संचालन विजेंद्र जीतपुरा ने किया।

### 'अपनी बेटी अपना धन' के पात्र जमा कराएं दस्तावेज

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा द्वारा अपनी बेटी अपना धन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अवगत कराया जाता है कि जिन पात्र लाभार्थियों ने अभी तक अपनी परिपक्व राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन नहीं किया है, वे शीघ्र आवश्यक दस्तावेज़ जमा करवाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि यह योजना वर्ष 1994 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर सरकार द्वारा प्रारंभ की गई थी। योजना के तहत बालिकाओं के कल्याण के लिए 2500 रुपये की राशि इंदिरा विकास पत्र के रूप में निवेश की गई थी।

## हकृवि में कृषि मेला (खरीफ) के समापन पर बोले कुलपति

# जल, भूमि और पर्यावरण का संतुलित उपयोग बेहद जरूरी

- मेले में बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र, कीटनाशी, पशु चिकित्सा एवं अन्य नवाचारों से संबंधित स्टॉल रही आकर्षण


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते वीसी प्रो. बीआर काम्बोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला खरीफ मंगलवार को सम्पन्न हो गया। कृषि मेला 'सतत कृषिः समृद्धि की राह' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मेले में बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र, कीटनाशी, पशु चिकित्सा एवं अन्य नवाचारों से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के हित में समय-समय पर उन्नत किस्मों एवं जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का विकास कर रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे गांव स्तर पर गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन की पहल करें, जिससे समय पर बीज उपलब्ध हो सके और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हों। कुलपति ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल, भूमि एवं पर्यावरण का संतुलित उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉल प्रतिनिधि सम्मानित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि स्टॉलों में से सीड्ज ग्रुप में समग सीड्स प्रा. लि. प्रथम, आईएफएसए सीड्स प्रा. लि./स्टार एग्री सीड्स प्रा. लि. द्वितीय तथा शक्तिवर्धक हाइब्रिड सीड्स तृतीय स्थान पर रहे। इनसेक्टीसाइड/पेस्टिसाइड समूह में बायर क्रॉप साइंस लि. प्रथम, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लि./मैक्सग्रो एग्रोलॉजी लिमिटेड को द्वितीय तथा आर्बोइंट इंटरनेशनल सोल्यूशंस एलएलपी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उर्वरक समूह में हैबिटेट जीनोम इम्प्रूवमेंट प्राइमरी लि. को प्रथम, इफको हरियाणा/कृभको को द्वितीय तथा नेशनल फर्टिलाइजर्स लि. को तृतीय स्थान मिला। मशीनरी/ट्रैक्टर समूह में करतार एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा. लि. प्रथम, दो सरदार एग्री वर्क्स/न्यू किसान सेवा केंद्र द्वितीय तथा विरदी एग्रो टेक्नोलॉजी/मास्टर माइंड एग्रो इंडस्ट्रीज तृतीय स्थान पर रहे।

### प्रगतिशील किसान समूह में हिसार के बाले सिंह ने पाया पहला स्थान

प्रगतिशील किसान समूह में बाले सिंह (मिंगनी खेड़ा, हिसार) को प्रथम, योगेंद्र (महेंद्रगढ़) को द्वितीय तथा सुभाष एवं धर्मबीर (यमुनानगर) को तृतीय स्थान मिला। सीसीएसएचएयू विभाग समूह में सीड्ज साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग प्रथम, सब्जी विज्ञान विभाग द्वितीय तथा एबिक बेकरी/ऑयलसीड सेक्शन तृतीय स्थान पर रहे। वहीं एमएचयू, लुवास, सरकारी विभाग समूह में लुवास, हिसार ने प्रथम, एमएचयू, करनाल ने द्वितीय तथा हरियाणा उद्यान विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिक्स ग्रुप में टेरानोवा एग्रो इनोवेशन प्रा. लि. को प्रथम, लेजर इंजीनियरिंग एंटरप्राइजेज को द्वितीय तथा शक्ति मेक मार्शल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वेट फार्मा ग्रुप में नानक लेबोरेटरीज (डॉ. जॉन) को प्रथम, वेक्स्टर हेल्थ केयर को द्वितीय तथा मचवेल फार्मास्युटिकल्स प्रा. लि. को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा किसान कल्याण प्राधीकरण के सीईओ डॉ. रविन्द्र चौहान भी उपस्थित रहे। धन्यवाद प्रस्ताव सह निदेशक विस्तार डॉ. सुनील ढांडा ने किया। मंच का संचालन डॉ. कनिका एवं श्वेता ने किया।



हिसार। हकृवि द्वारा आयोजित कृषि मेले में पहुंचे किसान।

### हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे किसान

# कृषि मेले में 1.07 लाख किसानों ने की शिरकत

- 41 लाख रुपये से अधिक की खरीफ फसलों के बीज व अन्य उत्पादों की हुई बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला खरीफ में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के 1 लाख 7 हजार से अधिक किसानों ने भाग लिया।

किसानों ने मेले में उन्नत किस्म के बीजों, कृषि विधियों, सिंचाई यंत्रों, कृषि मशीनरी आदि की जानकारी भी हासिल की। दो दिवसीय मेले के दौरान 41 लाख 23 हजार 820 रूपये के बीज, कृषि साहित्य व अन्य उत्पादों की बिक्री हुई।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि मेले में किसानों ने करीब 39 लाख 20 हजार रुपये के खरीफ फसलों के प्रमाणित बीज तथा करीब 61 हजार 500 रूपए के फलदार पौधे व सब्जियों के बीज खरीदें। बीजों के अलावा किसानों ने 74 हजार 170 रुपये के जैव उर्वरक तथा 35 हजार रुपये का कृषि साहित्य भी खरीदा। कृषि मेले में मिट्टी व पानी जांच सेवा का लाभ उठाते हुए मिट्टी व पानी के 435 नमूनों की जांच करवाई गई। मेले में 28 हजार 800 रूपए के टिश्यू कल्चर प्लांट भी बेचे गए। इसके अलावा मेले में सब्जी वर्गीय फसलों की 25 हजार से अधिक गुणवत्तापूर्ण पौध की बिक्री की गई। संयुक्त निदेशक विस्तार डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले में लगाई गई कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी किसानों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। इस प्रदर्शनी में कुल 250 स्टॉलें लगाई गई।

मेले के अन्तिम दिन बीज बिक्री केन्द्रो एवं स्टालों पर किसानों की भारी गहमा-गहमी रही। प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों के बीच हुए संवाद के अलावा कृषि में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई।


हिसार। प्रधान बने डॉ. विक्रमजीत सिंह का स्वागत करते पदाधिकारी।

## प्रिंसिपल्स एसोसिएशन के प्रधान बने प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह

**हिसार।** शहर के दयानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह को प्रिंसिपल्स एसोसिएशन गवर्नमेंट एडिड कॉलेज ऑफ हरियाणा का निर्विरोध प्रधान चुना गया है। शाहबाद में हुई प्राचार्य यूनियन की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. विक्रमजीत सिंह को प्रधान, डॉ. राजपाल को उप प्रधान, डॉ. राजवंती शर्मा को महासचिव व डॉ. राकेश संधु को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। डॉ. विक्रमजीव सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए इस दायित्व को वे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगें। उन्होंने कहा कि एडिड कॉलेज गुणवता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. विवेक श्रीवास्तव, प्रो. मंजीत सिंह, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. आदित्य कुमार सहित महाविद्यालय स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## रबी की खरीद के लिए प्रशासन तैयारः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रबी फसल की खरीद को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इसके लिए नए मापदंड भी तय किए गए हैं। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार अनाज मंडियों में फसल बेचने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रहेगा।

डीसी महेंद्र पाल ने बताया कि मंडी में गेट पास बनवाने के लिए अब वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट का फोटो सत्यापन होगा। इसके साथ ही किसान का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन भी किया जाएगा, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से इस सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय कर दिया गया है। गेहूं का भाव 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी खरीद कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार ही मंडियों में किए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर 18001802060 पर संपर्क कर सकते हैं।


हिसार। जिला स्तरीय स्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी।

## अंग्रेजी साहित्य प्रश्नोत्तरी में राजकीय महाविद्यालय की टीम पहले स्थान पर

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा जिला स्तरीय अंग्रेजी साहित्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की पांच टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच राजकीय महाविद्यालय हिसार की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीआरएम जाट कॉलेज, हिसार की टीम द्वितीय और राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में एफसी कॉलेज और जीजेयू की टीमों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने विजेता टीमों को बधाई दी। मंच का सफलतापूर्वक संचालन डॉ वेद भूषण ने किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एचपीजीसीएल मैनेजमेंट के खिलाफ कर्मियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ के कर्मचारियों ने लामबंद होकर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस भिवानी के बैनर तले एचपीजीसीएल के एमडी की कथित मनमानी व कर्मचारियों की जायज मागों को न मानने के खिलाफ एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूनिट सचिव सुरेश सैनी ने बताया कि इन कर्मचारियों ने प्रातः साढे.9 बजे से साढ़े 11 तक दो घंटे जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्किल सचिव दलजीत पंघाल ने की। सर्कल सचिव दलजीत पंघाल ने कर्मचारियों की मांगों के बारे में विस्तार से बताया। यूनिट प्रधान राजवीर सोनी ने कहा कि अगर निगम मैनेजमेंट के द्वारा सभी मांगो ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, पुरानी पेंशन बहाली, 7 वे पे कमिशन के हिसाब से भत्ते बढ़ाने, पदोन्नति, कैशलेस मेडिकल फैसिलिटी देने, वेतन विसंगतियों को दूर करने व अन्य मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो केंद्रीय परिषद के आह्वान पर सरकार के खिलाफ बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शिवकुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, सह सचिव दीपक सहरावत, वित्त सचिव रवि प्रकाश, सुरेश सैनी, संदीप कालीरमन, उज्जवल शर्मा, अजीत दलाल आदि मौजूद रहे।

### प्रधान नवीन बेनीवाल और उप प्रधान संदीप गोयल के नेतृत्व में मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

# व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन


आदमपुर। तहसीलदार रामनिवास भादू को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी तथा व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

व्यापारियों ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार रामनिवास भादू के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल व उप प्रधान संदीप गोयल ने किया।

ज्ञापन में गेहूं की खरीद में आढत जो 64. 62 रुपये बनती है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा 50.75 रुपये ही दी जा रही है, इसे बढ़ाया जाए। इसके अलावा आढत के भुगतान को 9 रुपये से बढ़ाकर 13.875 के हिसाब से भुगतान किया जाए। सरकार ने नुकसान पर 12 करोड़ शॉर्टेज नुकसान की राशि वापस देने का ऐलान किया था लेकिन अभी तक व्यापारियों को यह राशि नहीं मिली है, उसे तुरंत दी जाए। ज्ञापन में हरियाणा के कमीशन एजेंट को पंजाब की तरह जीएसटी से मुक्त करने तथा हरियाणा की सीमांत मंडियों से माल लाकर बेचने की इजाजत देने की मांग भी उठाई।



## छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की एनएसएस यूनीट द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जिसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय में सफाई की व पौधों की क्यारियां बनाई। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने एनएसएस छात्राओं द्वारा इस शिविर में किए गए कार्यो की सराहना की। शिविर के माध्यम से एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने गांव भिवानी रोहिल्ला में घर-घर जाकर लोगों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूक किया।

## गुजवि ने सी एंड लैब के साथ किया समझौताः बिश्नोई

**हिसार।** बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों को अकादमिक ढांचे में संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी एंड लैब), नई दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के माध्यम से बाल अधिकारों को मुख्यधारा शिक्षा से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की गई है। समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन (आईसीपी) के ट्रस्टी रजत कुमार ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओपी सांगवान तथा अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य ज्ञान-आधारित एवं संवेदनशील मानव संसाधन तैयार करना है। यह समझौता हमारे उस विजन को सुदृढ़ करता है, जिसके माध्यम से हम ऐसे पेशेवर तैयार करना चाहते हैं जो नीति निर्माण, कानून प्रवर्तन, मीडिया एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बाल संरक्षण को सशक्त बना सकें। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नवाचार एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख एवं समाजोपयोगी शिक्षा प्राप्त होगी।

## निःशुल्क पशु चिकित्सा जांच शिविर लगाया

**हिसार।** लुवास के पशु विज्ञान केंद्र, भिवानी की ओर से यूनिट स्तर किसान मेले के अंतर्गत एक दिवसीय निशुल्क पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बहल ब्लॉक के गांव सुरपुरा कलां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम के मार्गदर्शन और डॉ राम नजर चौधरी के सानिध्य में डॉ. आनंद प्रकाश, प्रभारी, पशु विज्ञान केंद्र, भिवानी द्वारा किया गया। मेले में लगभग 130 पशुओं जिनमें गाय, भैंस, कुत्ते एवं बकरियां शामिल थीं का विभिन्न बीमारियों के लिए उपचार एवं आवश्यक शल्य चिकित्सा लुवास, हिसार के विशेषज्ञों द्वारा की गई। लुवास के वैज्ञानिकों की टीम में डॉ. गौरव चराया, डॉ. दिनेश कुमार एवं डॉ. दलवीर सिंह शामिल रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### सिसाय में गांव 'आगाज 2026' का भव्य आयोजन

# छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित करके लक्ष्य की तरफ बढ़ें, जरूर मिलेगी कामयाबीः कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हरियाणा के सबसे बड़े गांव सिसाय के एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल में वार्षिक उत्सव 'आगाज़ 2026' का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग भी उपस्थित रहे। इस मौके पर एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल सिसाय में इंडोर फेंसिंग हॉल का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। शिलालेख के अनुसार इस कार्य में चेयरमैन विकास सिहाग, डायरेक्टर बलवान सिहाग एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर संदीप सिहाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्ति कार्यक्रम, नृत्य एवं खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कैप्टन अभिमन्यु ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का नाम भले ही "एकलव्य" है, लेकिन यहां हो रहा कार्य द्रोणाचार्य के गुरुकुल से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक बड़े समर्पण और मेहनत के साथ बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। छात्र भी अपना लक्ष्य निर्धारित करके मंजिल की तरफ बढ़े तो उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कोच एवं प्रबंधन की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने शानदार कार्य किया है और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही शिक्षा का स्तर निरंतर ऊंचा हो रहा है। अभिभावकों, दादा-दादी तक को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके संस्कारों और सहयोग का ही परिणाम है कि बच्चे इस प्रकार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि शिक्षा और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए जब भी जरूरत होगी, वे सदैव साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर डायरेक्टर बलवान सिहाग, कोच संदीप कुमार, प्रिंसिपल सुखजिंदर सिंह, बिंदा सिहाग, राजेंद्र मास्टर, पप्पू सिहाग, बीईओ बावानी खेड़ा सतेंद्र सिंह, सुरेंद्र, शमशेर मोर, प्रदीप राणा, बिजेंद्र सिंह, सिसाय मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बूरा, राममेहर स्वामी, रामकिशन, नसीब बूरा, हरके सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


नारनौंद। छात्रों को सम्मानित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व चेयरमैन सोनू डाटा।